कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा-I) एवं महालेखाकार (लेखा परीक्षा-II) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक:प्रशासन-।/ले.प.-।/हिन्दी /3/2021-22 दिनांक :01/02/2022

परिपत्र

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति की सामान्य शर्तों पर हिन्दी अधिकारी के दो पद (एक पद कार्यालय महालेखाकार (ले.प.-I) तथा एक पद कार्यालय महालेखाकार (ले.प.- II) राजस्थान, जयपुर में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं ।

प्रतिनियुक्ति की आरंभिक अवधि एक वर्ष की होगी जो कि नियमनुसार बढाई जा सकती है. ।

पदनाम : हिन्दी अधिकारी

वेतनमान : पे मैट्रिक्स लेवल 8 , पे बैण्ड रु. 47600-151 100.

(समूह 'ख' राजपत्रित)

योग्यताएं :-(1) समतुल्य पद धारित करते हों या

(2) पे मैट्रिक्स लेवल 7 , पे बैण्ड रु. 47900-99800 या संशोधन से पूर्व वेतनमान (रु.9300-34800) ग्रेड पे रु.4600 या समतुल्य वेतनमान में पद पर 3 वर्षों कि सेवा पूर्ण कर चुके हों | या

(3) वेतन मेट्रिक्स लेवल- 5 या संशोधन से पूर्व वेतनमान (5200-20200)+ ग्रेड पे 2800 या समतुल्य वेतनमान में पद पर 8 वर्षों कि सेवा पूर्ण कर चुके हों |

शैक्षणिक योग्यताएं:- अनिवार्य

(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य एवं डिग्री स्तर पर अंग्रेजी और हिन्दी विषय के रूप में |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में हिन्दी माध्यम से स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य और साथ ही डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप में |

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नात्तकोत्तर डिग्री या समतुल्य और साथ ही डिग्री स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप में |

(2) हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली कार्य का और/या अंग्रेजी से हिन्दी में या हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का 5 वर्ष का अनुभव, तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य और वित्त,बजट या प्रशासनिक कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को वरियता दी जावेगी |

अथवा

5 वर्षों का अध्यापन.शोध,लेखन या पत्रकारिता का 5 वर्ष का अनुभव |

<u>वांछनीय योग्यता</u>

(i) संस्कृत या किसी आधुनिक व्यवहारिक भाषा का ज्ञान

(ii) प्रशासनिक अनुभव

(iii) टिप्पणी और प्रारूपण कि हिन्दी कक्षाएं या कार्यशालाएं आयोजित करने का अनुभव |

आवेदनकर्ता जो संलग्न योग्यतायें/शर्तें पूर्ण करते हैं, अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से आवेदन पत्र व्यक्तिगत विवरण सहित भेजें तथा साथ में आवेदक के पिछले पांच वर्षों के वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन की कि प्रतियाँ तथा सतर्कता/विभागीय जाँच अनापत्ति प्रमाणपत्र कि प्रति भी संलग्न कर इस कार्यालय में दिनांक 28.02.2022 तक प्रस्तुत करें |

BHAGWAN DASS, SAO(ADMN)BD, Administration 1

वरि.लेखापरीक्षा अधिकारी/प्रशा-I